# जैविक संसाधनों का उपयोग कर सिंध बासमती धान की खेती की

## अमृत कृषि पद्धति से सिंध बासमती धान का सफल उत्पादन हुआ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पथरा में अमृत कृषि पद्धति के तहत ग्रामीण किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाने का एक अनूठा और प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। ग्राम में गोबर, गोमूत्र और स्थानीय जैविक संसाधनों का उपयोग कर सिंध बासमती धान की खेती की गई। इस परियोजना में कुल 20 किसानों ने सहभागिता की और 11 क्विंटल धान का सफल उत्पादन हुआ। इस विधि से धान की अच्छी फसल करने से किसानों में काफी उत्साह है। बीज के लिए सुरक्षित धान गांव गाड़ी संस्था द्वारा ?40 प्रति किलो की दर से खरीदा गया है। किसानों को तत्काल भुगतान किया गया। मुखिया नरेश पासवान के प्रयास से गांव में इस विधि से धान की खेती की गई। पथरा के मुखिया नरेश पासवान के अथक प्रयास और मार्गदर्शन से यह पहल सफल हो सकी। अमृत कृषि पद्धति के माध्यम से गांव अब रसायन मुक्त खेती की दिशा में अग्रसर हो रहा है। ग्रामीणों की इस सफलता ने पूरे क्षेत्र में एक नई उम्मीद जगाई है। सिंध बासमती धान की खेती में योगदान देने वाले किसानों में संजय कुमार, विनोद कुमार, जमुना बैठा, शारदा देवी, रामप्यारे राम, ममता देवी, परमेश्वर मेहता, राणा सिंह, राम ब्रिज राम, रामदेव पासवान, प्रमोद मेहता, महेश मेहता, संजय मेहता, तुलसी मेहता, देवंती देवी, कर्म देव यादव, अर्जुन मेहता शामिल है। गांव गाड़ी के प्रतिनिधि प्रशांत ओझा ने बताया कि सिंध बासमती धान की सफलता से प्रेरित होकर, अब पथरा के किसान 5 एकड़ भूमि पर खापली गेहूं (देसी बीज) की खेती कर रहे हैं। यह कदम भी प्राकृतिक खेती की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रयास है। मुखिया नरेश राम ने बताया कि स्वावलंबी योजना की दीदीयों का योगदान इसमें काफी सराहनीय है। गांव में कार्यरत स्वावलंबी योजना की दीदीयों ने इस परियोजना में सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे खेती के सभी चरणों में किसानों को प्रोत्साहन और सहयोग मिला। यह पहल न केवल रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा दे रही है, बल्कि ग्रामीण समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अमृत कृषि पद्धति के जरिए कृषि उत्पादन की गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण का यह प्रयास पूरे क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

## केंद्रीय मंत्री को मुखिया पंसस व ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** केंद्रीय सूचना व प्रशासन तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री एल मुरुगन ने बुधवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता (पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल) को फुट ओवरब्रिज का पूरब दिशा के ग्रामीणों के आवागमन की सुविधा के लिए बाहर तक विस्तार करने और पदारथडीह-राजनडीह के पास अंडरपास (आरयूबी) की मांग पर को गंभीरता से लेने का आदेश दिया। इससे पहले इसे लेकर मुखिया कमला देवी, पंसस ममता देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामजन्म राम, राजद नेता डा. पंचु रजवार, गणेश मेहता, युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता, मनोज चौरसिया और रौशन कुमार सहित अन्य कई ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा।जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए फुट ओवरब्रिज निर्माण कार्य का भी निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों की मांग के अनुरूप इसका विस्तार करने की हिदायत दी। साथ ही दोबारा इसकी शिकायत नहीं पहुंचने की बात कही। सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षरित ज्ञापन के माध्यम से उन्हें स्टेशन के पूरब तरफ के रामनगर, राजनडीह के अलावा झरिवा, नदीपर, गोलापत्थर सहित अन्य कई गांव के ग्रामीणों को रेल पटरी पार करने में जोखिम उठाने की स्थिति से अवगत कराते हुए निमाणाधीन फुटओवर ब्रिज का स्टेशन के पश्चिम में एक नंबर प्लेटफॉर्म और पूरब में चार नंबर प्लेटफॉर्म के बाहर तक जनहित में विस्तार कराने की मांग की। साथ ही सड़क मार्ग को सुविधाजनक बनाने के लिए पदारथडीह-राजनडीह के पास आरयूबी निर्माण की जरूरत के प्रति ध्यान आकृष्ट किया। मुखिया और पंसस ने गुलदस्ता भेंटकर मंत्री का स्वागत किया। यह पहला मौका था, जब किसी केंद्रीय मंत्री का आगमन हुआ। इसे जानकर काफी संख्या में पहुंचे ग्रामीण इस गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।

## एक नजर

### ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाया स्थापना



**हुसैनाबाद।** गणेशपुरी स्थित ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रांगण को रंगोली, रंग-बिरंगे गुब्बारे, एवं फूलों के झालरों से सजाया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार प्रजापति एवं प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार प्रजापति ने सभी को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी वर्षों में हमारा विद्यालय चौगुनी उन्नति करेगा, हम अभिभावकों के उन सपनों को पूरा करेंगे जो उन्होंने अपने शिशु के प्रति विद्यालय से उम्मीदें लगा रखे हैं। स्थापना दिवस के मौके पर अविनाश कुमार, कमलेश कुमार, विनय प्रजापति, पंकज कुमार, रविन्द्र कुमार मेहता,ट्विंकल कुमारी, धर्मशिला कुमारी, प्रमिला देवी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

### सड़मा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और कंबल वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा के संस्थापक सचिव, सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनकी स्मृति में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभा की शुरूआत पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। इसके बाद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। मुख्य कार्यक्रम में वक्ताओं ने सत्यदेव जी के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। प्रमुख वक्ताओं में प्रो. अश्विनी ने यूनिवर्सिटी निर्माण और डॉ. नारायण अग्रवाल ने सड़मा का नाम बदलकर 'सत्यदेव नगर' करने की पहल की बात कही। कार्यक्रम में डॉ. ऋतु अग्रवाल और डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का वादा किया। सभा का संचालन प्रो. अखिलेश कुमार सिंह, प्रोफेसर अमित सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में सत्यदेव जी के अधूरे सपनों को पूरा करने का दृढ़ संकल्प लिया गया।

## राशन कार्ड के ई केवाइसी समयावधि विस्तार से मिली लाभुकों को राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों को ई केवाइसी कराने का समय का विस्तार 31 दिसंबर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक कर दिया गया है। इससे निजी घरों से बाहर अन्य राज्यों में काम करने वाले पारिवारिक सदस्यों को ई केवाइसी कराने की चिंता फिलहाल टल गई है। इस संबध में झारखंड में खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के विभाग व राज्य सरकार के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह के आदेश को पूरे राज्य में लागू करने को पत्र जारी किया गया है। इस आदेश के साथ ही इस कार्य में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया है। बताया गया कि जनवितरण प्रणाली दुकानों के माध्यम आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के आधार पर लाभुकों के बीच खाद्यान्न, नमक, चीनी, दाल व धोती - साड़ी आदि का वितरण किया जाता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभुकों का ई केवाइसी किये जाने में तेजी लाने संबधित निर्देश के आलोक में लाभुकों का आधार प्रमाणीकरण से सर्वर पर लोड बढ़ने से इस कार्य गति में कमी आई है। इन तकनीकी कठिनाईयों से न तो खाद्यान्न व अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण और न ही ई केवाइसी का कार्य हो पा रहा है। इसे लेकर प्राथमिकता के साथ ई केवाइसी कार्य को आगामी 28 फरवरी तक पूर्ण करने को कहा गया है।

## न्यूज बॉक्स

### किसानों का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय राज्य मंत्री से मिला

**विश्रामपुर।** केंद्रीय संसदीय कार्य एवं सूचना प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन से बुधवार को किसानों व रैयतों का एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर एक ज्ञापन सौंपा।प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव कर रहे थे।प्रतिनिधिमंडल में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बन रहे फोर लेन सड़क में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसान व रैयत शामिल थे।ज्ञापन में किसानों व रैयतों ने केंद्रीय मंत्री से अधिग्रहीत भूमि का उचित मुआवजा दिलाने की मांग रखी है।मंत्री डॉ एल मुरूगन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों के समर्थन में सकारात्मक प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में दिलीप पांडेय,शैल पाण्डेय,माला पाण्डेय सहित कई किसान व रैयत शामिल थे।

### शिक्षा मंत्री से वेतनमान लागू करने व अनुदान में वृद्धि की मांग



**हैदरनगर।** झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों का एक शिष्टमंडल राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर अपनी मांगों को सौंप कर याद ताजा कराया। शिष्टमंडल में मोर्चा के प्रधान प्रदेश महासचिव रघुनाथ सिंह, सचिव प्रो. अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. बिरसो कुमारी उरांव, संजय कुमार, देवनाथ सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, मुरारी सिंह, फजरुल कादिर अहमद, गणेश महतो सहित अन्य ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को फूलमाला व बुके से सम्मानित के बाद अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ही पूर्व के कार्यकाल के विधानसभा में वित्त रहित शिक्षा नियमावली को खत्म कर उन्हें वेतनमान देने की घोषणा की। उन्होंने कार्मिक विभाग को भी पत्र देकर वेतनमान देने का आदेश मुख्यमंत्री ने दिया है। इसके अलावा शिक्षा विभाग के अनुदान नियमवली वर्ष 2004 के बाद वर्ष 2015 में उनके अनुदान राशि को दोगुणा किया गया था। इसके विरुद्ध मोर्चा ने वर्ष 2004 की अनुदान पर 75 प्रतिशत राशि बढ़ात्तरी करने की थी। उन्होंने मंत्री का ध्यान दिलाते हुए कहा कि इस मांग को मानकर राज्य सरकार ने कार्मिक विभाग को पत्र तो भेजा गया, पर वहां से वित्तीय बोझ बढ़ने का हवाला देकर संचिका को वापस कर दिया गया है। मोर्चा ने उक्त मांगों को शिक्षा मंत्री से गंभीरता से लेकर यथाशीघ्र समाधान व अनवरत चल रहे आंदोलन पर विराम लगाने का आग्रह किया है।

### सुशासन दिवस पर मनी पूर्व पीएम की जयंती

**हैदरनगर।** स्थानीय बड़ा शिवालय मोड़ पर अशोक सिंह के आवासीय परिसर में भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती धूमधाम से मनाई। भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र, शिव, विरेन्द्र सिंह ने कहा कि उनकी जयंती पार्टी की निर्धारित सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया है। कार्यकताओं ने एक संगोष्ठी का आयोजन कर उनकी नीति, अनुशासन व देश में उनके कार्यकाल में विकास प्रगति की चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकताओं को उदेश्यों को पूरा करने के लिये उनकी नीति व आदर्श को आत्मसात करना होगा। इसमें अनिल सिंह, अमरेश्वर सिंह, अनुप सिंह, सुधीर सिंह, अप्पू सिंह, रौनक सिंह सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## सदभावना भवन में सौहार्दपूर्ण तरीके से मना क्रिसमस गैदरिंग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रजापति ब्रह्म कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन जपला में क्रिसमस गैदरिंग का पर्व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाई गई। मौके पर बीके नीरज ने क्रिसमस का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि क्रिसमस असल में कलियुग अंत के समय और शिव अवतरण के अभी के संगमयुग का ही यादगार हैं। जैसे संगमयुग काल-चक्र के अंत के थोड़ा पहले आता हैं, वैसे ही क्रिसमस भी साल के अंत से थोडा ही पहले आता हैं। क्रिसमस में यह माना जाता हैं कि एक सांता क्लोज नामक वृद्ध देहधारी लाल और सफेद कपड़े पहने आते हैं। उसका मतलब यह है कि आसमां से बहुत दूर लाल रंग परमधाम का या ब्रह्मांड का है और सफेद रंग सूक्ष्म वतन का है। ठीक वैसे ही निराकार परमात्मा शिव एक वृद्ध तन ब्रह्मा बाबा का आधार लेते है। सांता क्लॉज भी गुप्त रीती से आधी रात में और चिमनी के रास्ते आते है। परमात्मा शिव भी चुपके से आते है। उन्होंने बताया कि जब दुनिया की हालत बद्तर हो जाती है, तब वे विश्व परिवर्तन अर्थ पतित दुनिया में अवतरित होते हैं। सांता क्लॉज सिर्फ बच्चों को उनके गुजरे हुए वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर सौगात देते हैं। जहां भगवान शिव अपने बच्चों पर वरदानों की वर्षा करते है और सर्व शक्तियां, अतिन्द्रीय सुख तथा स्वर्ग की सौगात उनके पुरुषार्थ के आधार पर देते हैं। पेड़ की चोटी पर जगमगाता तारा हैं, शिव पिता का प्रतिक और छोटे छोटे स्टार है। विश्व परिवर्तन के निमित्त ब्राह्मण आत्मायें। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का पेड़ भी मनुष्य आत्मा रूपी कल्प वृक्ष का प्रतीक है। यह वृक्ष पिरामिड के आकार का बताते हैं जो दशार्ता हैं कि कैसे शुरूआत में जनसंख्या कम थी और फिर बढती ही गयी और इसीलिए कहते हैं मेरी क्रिस्मस । इस मौके पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी तथा सभी बीके भाई ,बहनें मौजूद थे।

## कोयल नदी पर पुल केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना को लेकर सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण (राज्य) मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री, डॉ. एल मुरुगन के बुधवार को आगमन से इस क्षेत्र के लोगों को उनसे बड़ी उम्मीद हो गई है। उनके शासकीय दौरा के तहत पलामू आकांक्षी जिला जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ही रेल प्रोजेक्ट के विजीट कार्यक्रम को लेकर यहां पहुंचने पर इस क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण मुद्दों से भी उन्हें अवगत कराया गया। इसे लेकर प्राचीन गवर्नर रोड में कोयल नदी पर पुल और उत्तर कोयल परियोजना की खाली पड़ी भूमि पर केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य अंजू देवी और युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, राणा प्रताप सिंह, धीरेंद्र बैठा और राकेश कुमार सिंह सहित अन्य कई लोगों ने संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा। उक्त मुद्दे को क्षेत्र हित और जनहित में जरूरी एवं महत्वपूर्ण बताते हुए इन्हें पूरा करने की मांग की। उन्होंने मंत्री को बताया कि इन सभी को लेकर यह क्षेत्र सारी शर्तें और अहर्ता पूरी करता है। इस मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद और मंत्री के पीए और पीएस धीरज सोनजे व अनिकांत कुमार सिंह अन्य कई लोग मौजूद थे।

## पूरे देश में मानव सेवा का पर्याय बन चुका है सर्वेश्वरी समूह : रागनी राय

**विश्रामपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह मेदिनीनगर शाखा उपाध्यक्ष रागिनी राय ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह' एक ऐसी संस्था है जिसके पीछे एक प्रेरणा व शक्ति कार्य कर रही है। इस कारण सर्वेश्वरी समूह पूरे देश में मानव सेवा का पर्याय बन चुका है। परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम ने श्री सर्वेश्वरी समूह की स्थापना करके एक नवीन व युगीन कार्य किया है, जो आज धरातल पर गौरव प्रदान कर रहा है। वह बुधवार को विश्रामपुर राजगढ़ में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह एक ऐसा संगठन है जो सम्पूर्ण विश्व के कल्याणार्थ मार्गदर्शक का कार्य करता है।यह समाज-सेवा करने वाली संस्था है जो किसी जाति,धर्म, सम्प्रदाय का भेदभाव के बगैर समाजसेवार्थ कार्य करता है।उन्होंने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह के वाराणसी प्रधान कार्यालय व समूह के प्रयागराज शाखा द्वारा आगामी 29 दिसंबर को विश्रामपुर जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में नि:शुल चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा। शिविर में 25 विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी टीम के साथ रोगियों का जांचोपरांत इलाज करेंगे। शिविर में एलोपैथ व होमियोपैथ पद्धति से सभी रोगों का इलाज होगा। शिविर में पैथलोजी सेंटर भी होगा। जांचोपरांत चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जायेगा। मरीजों को परामर्शऔर मुफ्त दवा भी दिया जायेगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के जो मरीज शिविर तक आने मे असहाय होंगे उन्हे समूह द्वारा वाहन भी उपलब्ध कराया जायेगा। हमारा लक्ष्य है कि इस चिकित्सा शिविर में पांच हजार लोगों का जांचोपरांत मुफ्त इलाज हो। उन्होंने आम लोगों से शिविर में आकर स्वास्थ जांच और उपचार कराने का आग्रह किया। समूह के विश्रामपुर शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पाडेय ने बताया कि मेघा चिकित्सा शिविर आयोजन की तैयारी जोरों पर है।समूह के पदाधिकारी एवं सदस्य शिविर की सफलता हेतु जुटे हुए हैं।उन्होंने कहा कि सर्वेश्वरी समूह की देश में कुल 75 शाखाएं समाजसेवा के 19 सूत्रों के साथ सेवार्थ कार्य कर रही हैं। बिश्रामपुर राजपरिवार की बहु रागनी राय 1984 से समुह से जुड़कर समाजसेवार्थ कार्य में लगी हुई हैं,जो हम सबों के लिए गर्व की बात है।प्रेसवार्ता में बिश्रामपुर राजपरिवार के रंजित सिंह राय उर्फ मुन्ना सरकार,राहुल सिंह,चिंसू सिंह,राजपुरोहित अच्युतानंद पाडेय,रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय,समाजसेवी विजय कुमार रवि सहित कई लोग मौजूद थे।

## विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड़।** गढ़वा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को सोनभद्र जिला स्थित मां वैष्णो शक्तिपीठ धाम डाला, श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर रेणुकूट और रेनुकेश्वर मंदिर रेणुकूट का भ्रमण कराया गया। डायरेक्टर राकेश कुमार चौधरी ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। यह भ्रमण विद्यार्थियों को अपने और दूसरों के अनुभव से सीखने का एक अच्छा अवसर देता है। विद्यार्थियों जब शैक्षणिक भ्रमण पर जाते हैं तब अपनी आंखों से प्रत्यक्ष रुप से देख कर किसी भी विषय वस्तु का वर्णन करने में सक्षम हो जाते हैं।

दौरा

## केंद्रीय मंत्री ने रेलवे टनल का किया निरीक्षण

# अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने बुधवार को पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड- सोननगर रेल खंड में भीमचूल्हा के समीप थर्ड लाइन के निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण किया। इसके पूर्व भीमचूल्हा मन्दिर स्थल पर अधिकारियों व आम नागरिकों ने गुलदस्ता देकर उनका अभिवादन किया।बाद में स्टेशन परिसर में अधिकारियों से यात्री सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। ट्रेन के आवागमन व अन्य कई बिंदुओं पर भी चर्चा की। अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री को इस दौरान सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने 12877-78 रांची नई दिल्ली गरीब रथ का ठहराव की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा उन्हें बेगमपुरा के पास रेल अंडरपास बनाने और कोलकाता, अयोध्या एवं जोधपुर के लिए इस रूट पर ट्रेन देने की मांग को लेकर भी ज्ञापन सौंपा गया। इस पर मंत्री ने कहा कि इन समस्याओं का समाधान रेल मंत्री से मिलकर कराने का प्रयास करेंगे। केंद्रीय मंत्री के आगमन पर डीआरएम राजेश गुप्ता, हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी कृष्णकांत कनवाड़िया, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, छतरपुर के एसडीओ आशीष गंगवार, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के थाना प्रभारी अफजल अंसारी, मुकेश कुमार सिंह, सीओ रणवीर कुमार और एसएम अंबरीश भारतीय मौजूद थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री को दी गई श्रद्धांजलि

**मोहम्मदगंज।** भाजपा मंडल कार्यालय में बुधवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी तस्वीर का माल्यार्पण किया गया। इसमें वरिष्ठ नेता कामेश्वर कुशवाहा के साथ ही मंडल कोषाध्यक्ष डा. प्रभु प्रसाद, मंडल महामंत्री सुशील कुमार मेहता, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय कुशवाहा सहित अजीत सिंह, रूपेश कुमार सिंह, राजकुमार मेहता, दिलीप कुमार सिंह, दीपक कुमार, विश्वनाथ मेहता, शंभू चौधरी, कामेश्वर सिंह, अजय मेहता, राम आशीष मेहता, अरविंद शर्मा व अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## सुशासन दिवस पर केंद्रीय मंत्री ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

# अटल जी के विचार और कार्य पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा : एल मुरुगन

**सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम**

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा जिला कार्यालय में भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन वृत्त पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ एवं अवलोकन केंद्रीय संसदीय एवं सूचना प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन द्वारा किया गया।

झारखंड अलग राज्य की स्थापना और निर्माण के युगपुरुष रहे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय वाजपेयी जी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता अटल जी के जीवन दर्शन को देखें और देश के लिए उनके योगदानों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण में जुटें।

केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन ने कहा कि अटल जी का जीवन नैतिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति समर्पण पर आधारित था। उनके विचारों और कार्यों को देश ही नहीं, पूरी दुनिया ने सराहा। हम सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को उनकी जीवन शैली और आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए।

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि अटल जी के विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए केंद्र की मोदी सरकार उनके सपनों का श्रेष्ठ भारत बनाने में जुटी है। झारखंड राज्य की परिकल्पना भी इसी उद्देश्य से की गई थी। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का प्रयास मोदी सरकार की ओर से किया जा रहा है, जो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि अटल जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी और सरल स्वभाव के व्यक्तित्व थे। वह राष्ट्र चिंतक होने के साथ-साथ कवि भी थे। उनके विचारों की प्रशंसा पक्ष-विपक्ष सभी ने की है। अंतरराष्ट्रीय जगत में भी उन्होंने अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

कार्यक्रम में प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, मेयर अरुण शंकर, विजयानंद पाठक, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, कृष्लय तिवारी, मंगल सिंह, विजय ठाकुर, ज्योति पांडे, विपुल गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, श्रवण गुप्ता, अभिमन्यु तिवारी, अरविंद गुप्ता, धर्मेंद्र उपाध्याय, छोटू सिंहा, ओमप्रकाश पप्पू, शुभम गुप्ता, श्वेता गर्ग, प्रियरंजन कुमार, मनोज दुबे, अजय सिंह, अरविंद सिंह, रीना किशोर, उषा मखड़िया, रूबी सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे।

कार्यक्रम में कवि हरिवंश प्रभात ने अटल जी की कविताओं का पाठ कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी बूथों पर भी वाजपेयी जी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए सदस्यता अभियान चलाया।

## शहर में हर्षोल्लास के साथ मना क्रिसमस

# कैंडल जलाकर मांगी दुआ, चर्चों में उमड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के शांति की महारानी गिरजाघर समेत सभी चर्चों में क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्टेशन रोड स्थित कैथोलिक चर्च में विशेष रूप से लोगों की भीड़ उमड़ी। चर्च में पहुंचे लोगों ने प्रभु यीशु के जन्मस्थल के प्रतीक के रूप में बनाए गए गौशाले में बनी चरनी का दर्शन किया और शांति की महारानी की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर अपने लिए दुआ मांगी।

बताया गया कि इस चर्च में प्रभु यीशु का जन्मोत्सव परंपरागत तरीके से मनाया जाता है। देर रात पूजा के बाद प्रभु यीशु के बालरूप को चरनी में रखा गया। इससे पहले रात में मिस्सा पूजा और अन्य धार्मिक गतिविधियां आयोजित की गईं। क्रिसमस को लेकर मसीही समुदाय ने अपने-अपने घरों में विशेष रूप से क्रिसमस ट्री सजाई। इसके साथ ही केक काटकर यीशु मसीह के जन्म के उपलक्ष्य में इसे लोगों के बीच बांटा गया।

इसी क्रम में रेड़मा चौक स्थित सीएनआई चर्च और स्टेशन रोड के यूनियन चर्च में भी मंगलवार शाम से ही विशेष प्रार्थना और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन चर्चों में क्रिसमस का पर्व उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया।

चर्च के फादर अरविंद मुंडा ने बताया कि क्रिसमस शांति, भाईचारे और उमंग का त्यौहार है। हमें एक-दूसरे से प्रेम करना चाहिए और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। 2025 को यीशु के आगमन के जुबली वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'आशा के यात्रीगण' है। प्रभु यीशु से हमें सेवा, प्रेम और एकता का संदेश मिलता है।

इस दौरान चर्च में आए मसीही समुदाय के लोग प्रभु के आगमन पर बेहद उत्साहित और हर्षित नजर आए। पूरे शहर में क्रिसमस की धूम रही।

# गुजरात से पीड़िता का पार्थिव शरीर पलामू पहुंचा अंत्येष्टि संस्कार में शामिल हुए मंत्री व उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** गुजरात से पीड़िता का पार्थिव शरीर आज शाम एम्बुलेंस से पांकी लाया गया। यहां पीड़िता के पार्थिव शरीर पर राज्य के वित्तीय, वाणिज्य-कर, योजना एवं विकास विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधा कृष्ण किशोर, उपायुक्त शशि रंजन, पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम और स्थानीय विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने अंत्येष्टि संस्कार कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान जिला प्रशासन ने पीड़िता के परिवार को अंत्येष्टि कार्यक्रम के लिए मंत्री द्वारा एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की।

मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने इस मौके पर पीड़िता के परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने पलामू डीसी को निर्देश दिया कि परिवार को सभी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए और अगर संभव हो तो परिवार के किसी सदस्य को स्थायी या अस्थायी नौकरी भी दी जाए। मंत्री ने यह भी बताया कि आरोपी को फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए सजा दिलवाने के लिए गुजरात प्रशासन से लगातार संपर्क किया जा रहा है। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि इस तरह की घटना सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि पीड़िता के परिवार को अबुआ आवास सहित सभी योजनाओं से जोड़ा जाएगा और पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, बीडीओ-सीओ, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

# अब 28 फरवरी तक ई-केवाईसी कराने का मौका

**सर्वर डाउन और आधार अपडेट में देरी से राहत**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के सभी राशन कार्डधारी (हरा, पीला, लाल) अब 28 फरवरी 2025 तक ई-केवाईसी करा सकेंगे। सरकार ने ई-केवाईसी की समय सीमा 31 दिसंबर से बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी है, जिससे लाभुकों को बड़ी राहत मिली है। सर्वर डाउन और आधार अपडेट की समस्याओं के कारण लोग काफी परेशान थे।

**सर्वर डाउन बना सबसे बड़ी समस्या :** सरकार ने राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया है। लेकिन जन वितरण प्रणाली दुकानों पर सर्वर डाउन रहने के कारण यह प्रक्रिया सुचारू रूप से नहीं चल पा रही थी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने बताया कि अब डीलर दोपहर 2 बजे तक राशन वितरण करेंगे और इसके बाद रात 10 बजे तक ई-केवाईसी का कार्य करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सुबह से अपने कृषि और अन्य काम छोड़कर राशन डीलरों के पास पहुंच रहे हैं। लेकिन सर्वर डाउन होने की समस्या और आधार अपडेट की अनिवार्यता के कारण कई लोग दिनभर इंतजार करने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं।

**लाखों लाभुक अभी भी वंचित :** पलामू जिले में 19,16,152 लाभुकों के लाल और हरा राशन कार्ड हैं। इनमें से अभी भी लाखों लाभुक ई-केवाईसी नहीं करवा पाए हैं। जब सर्वर काम करता है, तो वृद्ध और बुजुर्ग लाभुकों को फिंगरप्रिंट मिलान की समस्या का सामना करना पड़ता है। डीलर उन्हें पहले आधार अपडेट कराने का सुझाव देते हैं। इस वजह से लोगों को ई-केवाईसी और आधार अपडेट दोनों के लिए लाइन में लगना पड़ता है।

**समय सीमा बढ़ने से मिली राहत :** कार्डधारियों ने समय सीमा बढ़ने पर राहत की बात कही है। अब वे बिना हड़बड़ी के आराम से ई-केवाईसी करवा सकेंगे। हालांकि, आधार अपडेट और सर्वर की समस्या को लेकर अब भी स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि वे सर्वर की समस्या का समाधान जल्द से जल्द करें।

# एमएमसीएच प्रशासन ने नव वर्ष को लेकर कमर कसी

**30 दिसंबर से 5 जनवरी तक अस्पताल हाई अलर्ट पर**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एमएमसीएच) ने अंग्रेजी नव वर्ष को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। 30 दिसंबर से 5 जनवरी तक एमएमसीएच सहित सभी अनुमंडल स्तरीय अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा जाएगा। पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह ने बताया कि इस अवधि में अस्पताल में दवा और इमरजेंसी सेवाओं की उच्च स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। दुर्घटनाओं की संभावना को ध्यान में रखते हुए इमरजेंसी वार्ड में अनुभवी डॉक्टरों की टीम तैनात की जाएगी। साथ ही, जिन चिकित्सकों की ड्यूटी नहीं है, उन्हें आवश्यकता पड़ने पर फोन कॉल पर तुरंत बुलाया जाएगा। अस्पताल अधीक्षक डॉ. डी. कुमार ने बताया कि नव वर्ष के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 20 अतिरिक्त बेड इमरजेंसी वार्ड में तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह व्यवस्था संभावित दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है, क्योंकि नव वर्ष की खुशियां मनाने के दौरान लोग अक्सर नशे की हालत में वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ने की आशंका रहती है।' प्रशासन की यह पहल दुर्घटनाओं से निपटने और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नव वर्ष की तैयारियों के बीच पुलिस ने शुरू की सख्त वाहन चेकिंग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस कप्तान के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में शहर क्षेत्र के 53 वाहन चालकों की शराब सेवन की जांच ब्रेथ एनालाइजर मशीन से की गई। जांच के दौरान एक व्यक्ति शराब पीकर वाहन चला रहा था, जिसे पकड़ा गया और उसका वाहन जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया। शराब पीकर वाहन चलाने पर दो हजार रुपये का जुमार्ना तय किया गया है।शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने कहा कि नव वर्ष के मौके पर दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यह जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे शराब पीकर वाहन न चलाएं और ओवर स्पीड से बचें। यह अभियान शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर जारी रहेगा। इस जांच अभियान में एसआई स्वाति गुप्ता, एएसआई राजेश कुमार, मणिकांत केसरी और हरे कृष्णा कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## ठंड से राहत: नगर निगम ने शुरू की अलाव व्यवस्था



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम आयुक्त जावेद अहमद के निर्देश पर शहर के विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था शुरू की गई है। इससे खुले आसमान के नीचे रात बिताने वाले लोगों को बड़ी राहत मिली है। रेड़मा चौक, बैरिया चौक, हॉस्पिटल चौक, कन्नीराम चौक, और रेलवे स्टेशन जैसे स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं।

सिटी मिशन मैनेजर सतीश कुमार ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए नगर निगम ने पर्याप्त लकड़ियां उपलब्ध कराई हैं। राहगीरों, दैनिक मजदूरों और दुकानदारों को इस पहल से काफी राहत मिल रही है।

**पूर्व मेयर ने भी की पहल :** पूर्व मेयर अरुणा शंकर ने भी नगर निगम क्षेत्र के कई स्थानों पर लकड़ियां उपलब्ध कराकर अलाव की व्यवस्था शुरू करवाई। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर अन्य स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था की जाएगी।

## बेवरेज कंपनी का वनभोज संपन्न

**मेदिनीनगर।** हेक्टर बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मेदिनीनगर के केचकी संगम पर मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के एरिया मैनेजर तरूण कुमार के साथ झारखंड की पूरी टीम शामिल हुई। कार्यक्रम के आयोजक पलामू जिले के सेल्स ऑफिसर परितोष कुमार पांडेय द्वारा,रांची, जमशेदपुर, देवघर, धनबाद, बोकारो से आये हुए सेल्स ऑफिसर और उनकी टीम का भव्य स्वागत किया गया।

वन भोज के दौरान सभी सदस्यों ने कई स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाया। इसके साथ गीत संगीत का भी आयोजन किया गया। इस वनभोज में सीनियर पर्सन अमित तिवारी, हरेंद्र वर्मा, कौशल, विवेक,आदित्य आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा और संस्कृति का संगम : ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज का वार्षिक समारोह संपन्न

**छात्राओं को शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास का संदेश**

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बी.एड. कॉलेज में वार्षिक समारोह का आयोजन 24 दिसंबर 2024 को बड़े उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की डायरेक्टर शिवानी आनंद द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने छात्राओं को मेहनत, लगन और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे गीत, नृत्य और नाट्य के माध्यम से अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता रही छात्राओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कॉलेज ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए चैरिटी स्कूल 'ज्योति प्रकाश विद्यापीठ' के बच्चों को क्रिसमस के अवसर पर उपहार वितरित किए। इन बच्चों को भी खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिला और उन्हें प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अनुपमा गुप्ता ने की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह की सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों जैसे अविनाश सिन्हा, सुजीत कुमार, अंजना दुबे, माया त्रिपाठी, रेखा सिंह, आकांक्षा तिवारी, अहिल्या गुप्ता, विकास कुमार, सौरभ कुमार और सुशील उपाध्याय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह वार्षिक समारोह शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिए छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में कॉलेज की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# शाहपुर किला : गौरवशाली इतिहास, पर प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार

**चेरो राजवंश की धरोहर जीर्णोद्धार के इंतजार में**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कोयल नदी के पश्चिमी छोर पर स्थित शाहपुर किला अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। लगभग 250 साल पुराने इस किले का निर्माण चेरो वंशीय राजा गोपाल राय ने 1771-72 में करवाया था। यह किला चेरो वंश के गौरवशाली इतिहास का एक अद्भुत नमूना है। हालांकि, प्रशासनिक उपेक्षा और रखरखाव के अभाव में यह ऐतिहासिक धरोहर अब जर्जर हो रही है।

स्वतंत्रता सेनानी और लेखक महावीर वर्मा ने अपनी पुस्तक 'कोयल के किनारेझकिनारे' में इस किले का जिक्र किया है। दुर्ग ईंटों से निर्मित इस किले में बुर्जों पर बंदूक और तोप छोड़ने के लिए छोटे-बड़े छेद बनाए गए थे। किले की तीन मंजिलों में राज्य के कर्मचारी, रानियां, और सभा कक्ष स्थित थे। सभा कक्ष की दीवारों पर सुंदर बेल-बूटों की नक्काशी आज भी इसकी भव्यता की झलक देती है।

इतिहासकारों के अनुसार, इस किले से पलामू किले तक एक सुरंग थी। शाहपुर किला परिसर में राजा मेदिनी राय और चेरो वंश के अंतिम शासक चूड़ामन राय व उनकी पत्नी चंद्रावती देवी की प्रतिमाएं स्थापित हैं। इनका जीर्णोद्धार आदिवासी विकास समिति द्वारा सामूहिक धन संग्रह से कराया गया है।

जानकारी के अनुसार आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा शाहपुर किला को पुरातात्विक धरोहर घोषित किया गया था। हालांकि, जीर्णोद्धार कार्य बीच में ही रुक गया। 2018 में इसके संरक्षण के लिए 3.61 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, लेकिन अमल नहीं हो सका।

सामाजिक कार्यकर्ता अजय सिंह चेरो ने कहा कि आगामी आदिवासी मेले में मुख्यमंत्री से इस किले के पुनर्निर्माण के लिए हस्तक्षेप की मांग की जाएगी।

वर्तमान स्थिति और समस्याएं

तीन एकड़ क्षेत्र में फैला यह किला उचित रखरखाव के अभाव में ध्वस्त हो रहा है। किले तक पहुंचने का रास्ता तक प्रशासन ने तैयार नहीं किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, असामाजिक तत्वों के जमावड़े के कारण लोग किले तक जाने से कतराते हैं।

निगम और जिला प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि इस ऐतिहासिक धरोहर का जीर्णोद्धार जल्द से जल्द हो। इससे न केवल किले की भव्यता लौटेगी, बल्कि लोग पलामू के गौरवशाली इतिहास को भी जान सकेंगे।

## वार्ड 17 में विकास कार्यों की कमी और मूलभूत सुविधाओं का अभाव, परेशान हैं स्थानीय लोग

# विकास का वादा, लेकिन समस्याएं जस की तस

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड संख्या 17 में स्थानीय लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस वार्ड का मुख्य हिस्सा रेड़मा छेचानी टोला है, और यह क्षेत्र 2017 के परिसीमन के बाद नगर निगम से जोड़ा गया था। वार्ड में जहां स्थानीय लोग रहते हैं, वहीं वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए लोग अधिक संख्या में बस चुके हैं। इस वार्ड में पेयजल की किल्लत कम है, लेकिन पाइपलाइन द्वारा पेयजल आपूर्ति अब तक शुरू नहीं हो पाई है, जिस कारण लोग सार्वजनिक स्थानों से पानी लाने को मजबूर हैं।

वार्ड के भीतर कच्चे और पक्के मकानों का मिश्रण दिखाई देता है, लेकिन नगर निगम का हिस्सा होने के बावजूद पक्की सड़कों की बहुत कमी है। वार्ड में वार्ड वासियों ने बताया कि सड़कें आज भी कच्ची हैं और लोग ग्रामीण परिवेश में जीने को मजबूर हैं। इसके अलावा, वार्ड में बहुत कम लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है, जबकि जरूरतमंदों की संख्या अधिक है।

वार्ड वासियों के अनुसार कचरा उठाने वाली गाड़ी भी केवल कभी-कभी ही आती है, जिससे सफाई व्यवस्था पर सवाल उठता है। साथ ही, वार्ड में नाली की व्यवस्था भी बहुत कम है, जिस कारण सड़क पर पानी बहता हुआ नजर आता है, खासकर बढ़ती आबादी के कारण। वार्ड में बिजली के पोल पर स्ट्रीट लाइट भी नहीं लगी है, जिससे कई हिस्सों में अंधेरा रहता है।



*वार्ड संख्या 17 के पार्षद प्रत्याशी अभिषेक तिवारी ने इस क्षेत्र में विकास की कमी पर चिंता जताते हुए कहा कि उनका वार्ड शहर के अन्य वार्डों से पीछे है। उनके साथ लगे वार्डों में कई विकास कार्य हुए हैं, लेकिन उनके वार्ड में नगर निगम द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया है। वह इस बार पार्षद प्रत्याशी के तौर पर लोगों के बीच मौजूद रहेंगे, ताकि जीत दर्ज करने पर वे वार्ड की समस्याओं को सुलझा सकें।*

### वार्ड 17 के निवासियों की राय





वार्ड में रहने वाले जीतन राम ने कहा कि आज भी वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की कमी है, जिस कारण लोग पुराने परिवेश में जीने को मजबूर हैं। वहीं, ललिता देवी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बहुत कम लोगों के मकान बने हैं। बसंत भुइयां ने भी कहा कि वह मजदूरी करके अपना गुजारा करते हैं और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या किसी अन्य सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है।

### क्रिसमस की रौनक में डूबा गुमला, गिरजाघरों से बाजारों तक उल्लास का माहौल

# यीशु मसीह के जन्म का संदेश देते हुए शांति व भाईचारे का किया गया आह्वान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** क्रिसमस के अवसर पर गुमला जिले में उत्सव का माहौल पूरे शबाब पर रहा। शहर के गिरजाघरों से लेकर सजी-धजी गलियों तक, हर जगह क्रिसमस की खुशी और शांति का संदेश गूंजा। सुबह से ही शहर के प्रमुख गिरजाघरों, जैसे सेंट पैट्रिक और सेंट जोसेफ कैथोलिक चर्च में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। विशेष प्रार्थनाओं में यीशु मसीह के जन्म का संदेश देते हुए पादरियों ने शांति, प्रेम और भाईचारे का आह्वान किया। चर्चों को खूबसूरत झांकियों और रोशनी से सजाया गया, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनीं। सांस्कृतिक आयोजनों की धूम ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। बच्चों और युवाओं ने क्रिसमस कैरोल गाए, नृत्य प्रस्तुत किए, और नाटकों के माध्यम से यीशु मसीह के जन्म की कहानी जीवंत की। सांता क्लॉज के आगमन और उपहार वितरण ने बच्चों में खासा उत्साह भरा।

शहर की सड़कों पर क्रिसमस ट्री, झालरों और रंग-बिरंगी लाइटों ने अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। दुकानों और बाजारों में मिठाइयों, उपहारों और सजावटी सामानों की जोरदार खरीदारी हुई।

**आपसी सौहार्द का प्रतीक :** खास बात यह रही कि गुमला के विभिन्न समुदायों ने मिलकर इस पर्व को मनाया। मुस्लिम और हिंदू परिवारों ने भी अपने ईसाई पड़ोसियों के साथ खुशियां साझा कीं। यह भाईचारे और आपसी प्रेम का उदाहरण पेश करता है।

**प्रशासन ने की सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था :** क्रिसमस पर किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। पुलिस की गश्त के चलते त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। गुमला के लिए यह क्रिसमस न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहा। यह दिन जिले में प्रेम, शांति और एकता का संदेश छोड़ गया।

## मसीही विश्वासियों ने धूमधाम से मनाया प्रभु यीशु का जन्मोत्सव, चर्चों में हुई विशेष प्रार्थना और आराधना

**गुमला।** प्रखंड के मसीही विश्वासियों ने क्रिसमस का पर्व बड़े हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया। इस अवसर पर चर्चों को भव्य तरीके से सजाया गया और आकर्षक चरनी तैयार की गई। प्रभु यीशु के जन्म की घोषणा होते ही विश्वासियों ने खुशियां मनानी शुरू कर दीं। सुबह भरनो के जीईएल चर्च, एन डब्लू जीईएल चर्च और बिलिवर्स चर्च में श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु की आराधना की। बिलिवर्स चर्च में पास्टर नूतन तिग्गा, एन डब्लू जीईएल चर्च में संग्रस किंडो, और जीईएल चर्च में बिलिचदान पन्ना ने मिस्सा पूजा संपन्न कराई। मुख्य वक्ता ने इस अवसर पर कहा, क्रिसमस का त्यौहार ईसा मसीह के जन्म का उत्सव है। यीशु का जन्म विशेष है, क्योंकि ईश्वर ने उन्हें पृथ्वी पर मानव जाति के उद्धार के लिए भेजा। वे शुभ संदेश और मार्गदर्शन देते हैं, जिससे मानव जीवन उज्जवल होता है।



## नवाडीह और रजावल चर्च में मनाया गया क्रिसमस

क्रिसमस पर्व के अवसर पर आरसी नवाडीह और रजावल चर्च में भव्य उत्सव आयोजित किया गया। नवाडीह डुमरी चर्च में मुख्य अनुष्ठाता फादर ब्यातुष किंडो और रजावल चर्च में फादर एडवर्ड एक्का के नेतृत्व में पवित्र मिस्सा पूजा संपन्न हुई। फादर ब्यातुष किंडो ने अपने संबोधन में कहा की क्रिसमस मानव जाति के लिए ईश्वर की अनमोल योजना का प्रतीक है। प्रभु यीशु का जन्म गौशाला में हुआ, जो उनकी महानता और विनम्रता का संदेश देता है। उनका जीवन हमें सत्य और अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान चर्च परिसर में डड़का नृत्य और गीतों का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों खीस्तीय शामिल हुए। सामूहिक नृत्य और गान ने उत्सव में उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर फादर पिंगल कुजूर, फादर देवनीस एक्का, फादर इलियास मिंज, फादर अलविश, फादर डोमनिक, सिस्टर वेरनासिया किंडो, सिस्टर ललिता मिंज, सिस्टर सिसिलिया, भींसेंट लकड़ा, लिविन टोप्पो सहित बड़ी संख्या में धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

# अटल जी की जन्म शताब्दी पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि, मरीजों के बीच बांटे फल

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** भाजपा की गुमला जिला इकाई ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी (100वीं जयंती) बड़े श्रद्धा भाव से मनाई। इस अवसर पर सत्यनारायण पटेल के आवासीय कार्यालय में भाजपाइयों ने वाजपेयी जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही कार्यकताओं ने मिठाई बांटते हुए उनके अमर होने की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने वाजपेयी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की अटल बिहारी वाजपेयी देश के पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे, जिनके नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास किया। उन्होंने झारखंड के नवनिर्माण और आदिवासियों के विकास के लिए जनजातीय मंत्रालय का गठन किया। वे दलित, आदिवासी और पिछड़ों के हितैषी रहे और सर्वांगीण विकास के पक्षधर थे। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने वाजपेयी जी को एक कुशल संगठक, ओजस्वी वक्ता, पत्रकार और विधि विशेषज्ञ के रूप में याद किया। वक्ताओं ने संगठन हित में काम करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुमला सदर अस्पताल में मरीजों को फल और ब्रेड वितरित किए तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस आयोजन में जिलाध्यक्ष बिनय कुमार लाल, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, भूपन साहू, कमलेश उरांव, अनुपचंद्र अधिकारी, संयुक्ता देवी, सविंदर सिंह, रामवतार भगत, मंगलसिंह भोक्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### संघ ने 60 वर्ष की उम्र के बाद रसोइयों को नहीं हटाने की मांग की

# जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की अध्यक्ष देवकी देवी ने बुधवार सुबह 11 बजे जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि जिले में कार्यरत रसोइयों को 60 वर्ष की उम्र के बाद सेवा से नहीं हटाया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक नियमावली नहीं बनती, तब तक रसोइयों को हटाना अन्यायपूर्ण होगा। देवकी देवी ने अपनी मांग में यह भी जोड़ा कि अगर किसी रसोइया को हटाया जाता है तो उनकी जगह उनके परिवार के किसी सदस्य को ही नियुक्त किया जाए। उन्होंने बताया कि 2004 में उन्होंने भोजन बनाना शुरू किया था, जब प्रति बच्चा मात्र 25 पैसे मानदेय मिलता था। बीते 20 वर्षों से न्यूनतम वेतन की उम्मीद में रसोइया लगातार मेहनत और निष्ठा से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई रसोइया अपनी पूरी जवानी इस काम में लगा चुके हैं और अब 60 साल की उम्र पूरी होने पर हटाने का फैसला अन्यायपूर्ण है। इतने कम मानदेय में बचत करना असंभव था, और अब हटाए जाने पर रसोइयों के सामने भूखमरी की स्थिति पैदा हो जाएगी। देवकी देवी ने चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो रसोइया आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन की प्रतिलिपि गुमला उपायुक्त और सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को भी भेजी गई है।

### 3 बालिकाओं का राज्यस्तरीय खो-खो प्रशिक्षण शिविर में चयन

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में करेंगी झारखंड का प्रतिनिधित्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** खेलो झारखंड के तहत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खो-खो अंडर-14 बालिका वर्ग का प्रशिक्षण शिविर 26 दिसंबर से 7 जनवरी तक रांची के होटवार खेल गांव में आयोजित किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण शिविर में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पबेया की तीन बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रशिक्षण के बाद ये खिलाड़ी 10 से 13 जनवरी तक महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी।

पबेया स्कूल की इन बालिकाओं के चयन पर स्कूल के प्रधानाध्यापक अंबर प्रसाद, शारीरिक शिक्षक बीरबल लोहरा, योगेश प्रसाद केसरी, एसएमसी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, साकिम अंसारी, राजेंद्र साहू समेत सभी शिक्षकों और सदस्यों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि पबेया स्कूल के लिए गर्व का विषय है और क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।

# तुलसी पूजन दिवस के पर योग गुरु ने कराया योगाभ्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** बुधवार को छारदा गाँव में माँ तुलसी पूजन दिवस पर सामूहिक तुलसी पूजन किया गया। सर्व प्रथम माँ तुलसी के चरणों को नमन कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। माता से सबके सुख, समृद्धि और स्वस्थ, निरोगी व आनंदमय जीवन की कामना की गई। पतंजलि परिवार सिसई के योग गुरु गजराज महतो जी ने सभी योगी जनों से कहा कि तुलसी का पवित्र पौधा हर घर-आंगन मे होनी चाहिए। जिससे घर और आस पास के क्षेत्र मे साकारात्मक ऊर्जा का हर पल संचार होता रहता है। तुलसी पौधा औषधीय गुणों से भरपूर है। इसके पत्ते व बीज का सेवन बुखार से लेकर शरीर के अंदरूनी अंगो की साफ- सफाई करता है। जिससे सारे अंग रोगमुक्त हो जाते हैं। सर्दी, जुकाम, कफ, वात, पित्त, इंफेक्शन बुखार जैसे बिमारियों में सेवन किया जाता है। इसके बीज में कैंसर रोधी तत्व मौजूद हैं। रोज सुबह



खाली पेट में इसके दो या तीन पत्तों का कागज बनाकर या चबाकर खाना चाहिए। छारदा पंचायत के मुखिया पार्वती देवी ने तुलसी के गुणों की चर्चा करते हुए लोगों से इसे अपने-अपने आंगन में लगाने को कहा। पुनः योग गुरु जी ने योग के विभिन्न आसन व प्राणायाम का विधि पूर्वक अभ्यास कराया। और कहा कि, मानव तन अनमोल है। हम सभी ने अवश्य ही पूर्व जन्म मे कोई नेक काम किया है। जिस कारण हम सभी को ईश्वर स्वरूप मानव जीवन मिला है। इसे व्यर्थ में नहीं गंवाना चाहिए। इस जीवन को अच्छे कर्मों व दुसरे जरुरत मंद लोगों या अन्य प्राणियों की सेवा करने में लगाना है। अपने तन - मन को स्वस्थ व दिघार्यु रखने के लिए रोज सुबह एक घंटा सपरिवार योग करना व कराना है। तो ही हम सभी 100 वर्षों तक निरोगी जीवन जीने की परिकल्पना कर सकते हैं। अंत मे हृदय आनंदमय रहे इसके निमित्त हास्यासन का अभ्यास कराते हुए समापन किया गया।

### चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की घटना को दिया अंजाम

# आभूषण व नकद ले भागे



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो के लेकोटोली निवासी आशीष बड़ा के घर में बुधवार को दिन दहाड़े अज्ञात चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम देकर घर मे रखे सोने के आभूषण और नकद उड़ा ले गए। जानकारी के अनुसार घर के सभी सदस्य क्रिसमस पर्व को लेकर 10 बजे सुबह बिलिवर्से चर्च गए हुए थे। जब वे पांच बजे घर लौटे तो देखा कि घर का ग्रिल नीचे से खींच कर फाँक कर दिया गया है। जब घर के अंदर घुस कर देखा तो सभी स्तब्ध रह गये। क्योंकि घर के अंदर ट्रंक गोदरेज का गेट खुला था जहां दो सोने का चैन, दो सोने का झुमका, सोने का टॉप्स दस हजार नकद एक डीएसएलआर कैमरा गायब था। इन सभी की कीमत लगभग 8 लाख आंकी जा रही है। घर के सदस्यों ने बताया कि आशीष उत्तरखण्ड में जॉब करते हैं, घर मे मा मिचौल लियानी बड़ा और एक बेटी रहती है, परब मनाने के दामाद दीपक और एक बेटी आयी हुई है। घटना की सूचना पुलिश को दी गई, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की छानबीन में जुट गए हैं।

## झारखंड नवनिर्माण दल कल करेगा मंच मोर्चा प्रभारियों की नियुक्ति

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला द्वारा जिले में विभिन्न मंच और मोर्चा का विस्तार करने के उद्देश्य से 27 दिसंबर 2024 को प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी। पार्टी ने 2025 में संगठन को सशक्त और व्यापक बनाने के लिए रणनीति तैयार की है। इसके तहत मजदूर, किसान, छात्र, युवा, महिला और अन्य मंच मोर्चा को नए सिरे से मजबूती प्रदान करने की योजना बनाई गई है। गुमला जिला में विकास कार्यों में बढ़ते भ्रष्टाचार और जन समस्याओं को देखते हुए झारखंड नवनिर्माण दल ने बड़े पैमाने पर जनगोलबंदी की रणनीति बनाई है। पार्टी का उद्देश्य है कि सभी मंच मोर्चा संगठित होकर आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाएं।

## डायन-बिसाही के आरोप में महिला को जान से मारने की धमकी

**गुमला।** जिले में अंधविश्वास और डायन-बिसाही के आरोप में महिलाओं को प्रताड़ित किए जाने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सदर थाना क्षेत्र के गोल सोसो गांव में एक महिला को डायन बताकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। महिला ने बुधवार सुबह गुमला थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई। पीड़िता के अनुसार, गांव के लोग 3 साल पहले कैंसर से मृत बबलू लोहरा की मौत का आरोप उस पर लगा रहे हैं और पूरे गांव में उसे डायन कहकर बदनाम कर रहे हैं। महिला ने बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी सहिया है और मृतक के परिजन उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। इससे पहले भी गुमला जिले में अंधविश्वास के चलते कई घटनाएं हो चुकी हैं। मुरकुंडा में डायन-बिसाही के आरोप में एक महिला की हत्या कर शव को बोरी में बंद कर जंगल में फेंक दिया गया था, जबकि वृंदा पंचायत में एक महिला को नंगा कर पीटा गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंधविश्वास और डायन-बिसाही के आरोपों से महिलाओं को निशाना बनाए जाने की घटनाएं जिला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी हैं।

### रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा में तुलसी पूजन दिवस को भव्य रूप से मनाया गया

# तुलसी धार्मिक ही नहीं बल्कि एक औषधीय पौधा भी है

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा में तुलसी पूजन दिवस को भव्य रूप से मनाया गया। तथा पूर्व प्रधान मंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वां जयंती मनाया गया। प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा जी और हिंदू जागरण के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक अरुण नारायण सिंह,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला मुख्य मार्ग प्रमुख- चूड़ामणि साहू एवं राष्ट्र सेविका समिति के प्रांत बौद्धिक प्रमुख- जामवंती मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित व अटल जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर व तुलसी पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किये। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक अरुण नारायण सिंह ने तुलसी का महत्व समझाते हुए कहा कि तुलसी के पौधे केवल धर्म की दृष्टि से न देखा जाय। अपितु तुलसी का पौधा एक औषधीय पौधा है। जिस आंगन में तुलसी का पौधा रहता है। वहाँ के वायु को शुद्ध करता है। जिससे आने वाले हरेक नकारात्मक ऊर्जा, सकरात्मक ऊर्जा में बदल जाते हैं, जिस घर में तुलसी का पौधा हो उस घर से रोग कोसो दूर चला जाता है।यह प्राण वायु देने का काम करता है, और वहाँ निवास करने वाले लोग निरोगी जीवन का आनंद लेते हैं। प्रत्येक व्यक्ति का यह प्रयास होना चाहिए कि अपने आंगन



में तुलसी का पौधा जरूर लगाएं। अपनी औषधीय गुणों के कारण ही तुलसी का पौधा पूजनीय है। हिंदू जागरण के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज तुलसी पूजन ही नहीं बल्कि आज के दिन को हम सभी बलिदान दिवस के रूप में भी मानते हैं, सन् 1704 ई में मुगल साम्राज्य के द्वारा गुरुगोविंद सिंह जी के चार पुत्रों में से दो पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को ईंटों से चुनवा दिया गया था। इसलिए 22 दिसंबर से लेकर 27 दिसंबर तक वीर बालक पखवाड़ा के रूप में मनाया जाता है। साथ हीआज के दिन दो महान विभूतियों का जन्म हुआ था। उन्हीं दो महान विभूति भारत रत्न पं मदनमोहन मालवीय जी और पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वीं जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति के द्वारा तुलसी पूजन व एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्र सेविका समिति के अलावे दुर्गा वाहिनी की बालिकाएँ भी सम्मिलित हुई। सर्वप्रथम राष्ट्र सेविका समिति का परिचय दिया गया। तदुपरांत शारीरिक प्रदर्शन, दण्ड, नियुद्ध, योगा, आत्मरक्षा का प्रदर्शन तथा मन को प्रफुल्लित करने वाले खेलों का प्रदर्शन एवं देश भक्ति गीत व भजन किया गया। जो कार्यशाला के प्रमुख आकर्षण थे। इन प्रदर्शनों में राष्ट्र सेविका समिति एवं दुर्गा वाहिनी की बालिकाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत बौद्धिक प्रमुख जामवंती मिश्रा जी ने महिलाओं व बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कैसे बड़े बुजुर्गों का सेवा करना चाहिए। साथ ही उन्होंने शिक्षा का विश्लेषण करते हुए कहा कि शिक्षा क्या है, पहला है विद्यालय के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करना जो किताबी ज्ञान होता है, दूसरा व्यवहारिक ज्ञान जो हमें अपने परिवार, समाज,और गुरुकुल जैसी संस्थानों के द्वारा प्राप्त होता है। तीसरा जो सबसे महत्वपूर्ण ज्ञान है, वह है बौद्धिक ज्ञान या अनुभव शिक्षा जो अनुभव करके प्राप्त होता है। स्वास्थ्य के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज हम अपने स्वास्थ्य को ठीक करने के लिए बड़े बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाते हैं, बड़े बड़े डॉक्टरों से दिखाते हैं, फिर भी रोग ठीक नहीं हो पाते। इसलिए हमसबों को निरोग रहने के लिए आयुर्वेद पद्धति को अपनाना होगा। हमारे रसोई में ही बहुत सारे मसाले होते हैं, जिससे कई सारी बीमारियों को ठीक किया जा सकता है। बशर्ते उसका उपयोग विधि हमे आना चाहिए। प्रकृति ने हमें बहुत सारे पेड़ पौधे दिये हैं, जो हमें निरोगी काया दे सकते हैं। केवल उनका सही तरीका से पहचान होना चाहिए। कि कौन सा पेड़ या पौधा किस रोग को ठीक कर सकता है। योग के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन सुबह शाम योग करना चाहिए। जिससे अपने शरीर और मन को स्वस्थ रख सकें। आखिर में उन्होंने महिलाओं से अन्न बचत करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि सिर्फ धन का बचत करना ही आर्थिक बचत नहीं होता है। अन्न का बचत भी आर्थिक बचत है, जब भी आप चावल पकाती हैं, उसी वक्त एक मुठ्ठी चावल निकालकर अलग रख दें। तो वो भी एक बचत होगा और कुछ ही वर्षों में वो चावल लाखों रुपए का हो जायेगा। इस प्रकार से महिलाएं अपने घर की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकती हैं। तथा अपने परिवार को संपन्न बना सकती हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिंदू जागरण के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक अरुण नारायण सिंह, प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा जी आचार्य नाथू भगत, हिन्दु जागरण के प्रखंड संयोजक मुकेश ताम्रकर, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गुमला जिला के मुख्य मार्ग प्रमुख चूड़ामनि साहू, राष्ट्र सेविका समिति के प्रांत बौद्धिक प्रमुख जामवंती मिश्रा, के अलावे सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्र सेविका समिति व दुर्गा वाहिनी की बालिकाओं का विशेष योगदान रहा।

### गुमला में 'एक शाम रफी के नाम'

# रांची व गुमला के कलाकारों ने रफी साहब के नगमों से बांधा समां


फाइल फोटो

**खास प्रस्तुतियां**

- मोहम्मद सरवर आलम और पिंकी ने 'ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं गाकर समां बांधा।
- मोहम्मद शकील ने माना मेरी जां, मोहब्बत सजा है गीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।
- अमित साबू और वंदना गुप्ता ने दीवाना हुआ बादल पर दिल जीत लिया।
- सुरेश विश्वकर्मा और पिंकी ने तुम मुझसे बात करती हो प्रस्तुत किया।

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** आवाज के जादूगर मोहम्मद रफी के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर गुमला के बंगाली क्लब में 'स्टार कराओके म्यूजिकल ग्रुप' द्वारा आयोजित 'एक शाम रफी के नाम' कार्यक्रम ने संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया। रांची और गुमला के जाने-माने कलाकारों ने रफी साहब के सदाबहार नगमों की यादगार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में रांची से जिया भाई, मोहम्मद परवेज, मोहम्मद माज, राधिका रानी और जमाल भाई जैसे कलाकारों ने अपने सुरों का जादू बिखेरा, जबकि गुमला के सुरेश विश्वकर्मा, मोहम्मद सरवर आलम, पिंकी, मोहम्मद शकील, वंदना गुप्ता और आशुतोष श्रीवास्तव समेत कई अन्य कलाकारों ने अपने गायन से माहौल को संगीतमय बना दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय मंत्री और विशिष्ट अतिथियों रमेश कुमार चीनी, अरुण मंत्री, निगार सुल्ताना, मुशाहिद आजमी समेत कई गणमान्य लोगों ने रफी साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समारोह के दौरान गुमला के पुराने संगीत कलाकारों और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। आयोजन के अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा और सचिव मोहम्मद सरवर आलम ने बताया कि रफी साहब के जन्मदिवस पर आगे भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष और सोपन कुमार ने किया।

